भूमिपूजन मुख्यमंत्री डां .मोहन यादव करेंगे भूमिपूजन

जिला कलेक्टर श्री वशिष्ठ के प्रयास रंग लाए,पुलिस थाना परिसर में ही बनेंगा जिला कलेक्टर कार्यालय भवन

नवभारत न्यूज,
पांढुरना,16 मार्च, बहुप्रतीक्षित जिला कलेक्टर कार्यालय भवन की जगह चिन्हित करने को लेकर बीते लगभग दो वर्षों से जारी जद्दोजहद के तहत अब कलेक्टर कार्यालय का भवन पुलिस थाना प्रांगण में ही प्रस्तावित जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय के भवन के बाजू में ही बनना लगभग तय माना जा रहा है,सोमवार को जिला कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ सहित आला अधिकारियों ने जगह का निरीक्षण किया ,संभवत इस माह के अंत में मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के जिले के आगमन के दौरान इन दोनों भवनों का विधिवत भूमि पूजन करेंगे।

पूर्व के मुखिया पर गिर चुकी है गाज

गौरतलब हो कि इस नवगठित पांढुरना जिले के बाद से ही जिले के सबसे प्रमुख माने जाने वाले जिला कलेक्टर कार्यालय भवन की जगह को लेकर बीते दो वर्षों से भारी गहमागहमी बनी रहीं,किसी विशेष व्यक्तियों को लाभ पहुंचाने के लिए इस महत्वपूर्ण कार्यालय भवन को नगर से दूर अमरावती मार्ग पर बनाने के प्रशासकीय कार्यवाही को देख पूरे जिले के जागरूक लोगों के साथ ही विपक्षी प्रमुख दल कांग्रेस द्वारा किए गए उग्र आंदोलन के चलते पूर्व में जिले में पदस्थ मुखिया पर इसकी गाज तक गिर चुकी है ।

जिला कलेक्टर श्री वशिष्ठ के प्रयास रंग लाए

वहीं जिला कलेक्टर नीरज वशिष्ठ द्वारा पांढुरना कलेक्टर का पद्भार ग्रहण करने के बाद से ही जिलेवासियों को भावना को ध्यान में रखते हुए जिले के इस महत्वपूर्ण कार्यालय भवन में जिले के लोगों को आने जाने में सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए ही उन्होंने सर्वसुविधायुक्त जगह को चिह्नित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी थी,इनके अथक प्रयासों के चलते ही सार्थक परिणाम भी मिले ।

जगह चिन्हित करने दल बल के साथ पहुंचे कलेक्टर

विभागीय सूत्रों की माने तो पांढुरना,जबलपुर से लेकर प्रदेश मुख्यालय भोपाल तक जिला कलेक्टर श्री वशिष्ठ द्वारा किए गए प्रयासों के चलते ही अंत-नगर मुख्यालय के पुलिस थाना परिसर के एक हिस्से में जिला कलेक्टर कार्यालय भवन बनाने की जगह को स्वीकृति मिल गई है। सोमवार को स्वयं जिला कलेक्टर राजस्व विभाग के अधिकारियों के साथ पुलिस थाना परिसर पहुंचे जहां इन्होंने कलेक्टर कार्यालय भवन के लिए जगह चिन्हित की है।

यह अधिकारी रहे उपस्थित

सूत्रों की माने तो इसी पुलिस थाना परिसर में जिस जगह जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय भवन प्रस्तावित है,इसी भवन से लेकर जिला कलेक्टर कार्यालय भवन बनाने तय किया गया है। इस निरीक्षण के दौरान जिला कलेक्टर के साथ जिला पुलिस अधीक्षक सुंदर सिंह कनेश,अतिरिक्त जिला पुलिस अधीक्षक नीरज सोनी,एसडीएम श्रीमती अलका एक्का,एसडीओपी ब्रजेश भार्गव,तहसीलदार विनय प्रकाश ठाकुर,नवागत थाना प्रभारी अमित दाणी,सहित राजस्व विभाग के आरआई,पटवारी,आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे ।

प्रदेश के मुखिया के हस्ते किया जाएगा भूमिपूजन

संभावना व्यक्त की जा रहीं है कि इस मार्च माह के अंत में संभवत-28 मार्च को प्रदेश के मुख्यमंत्री डां .मोहन यादव पांढुरना जिले के दौरे पर आऐंगे इसी दौरान जिला कलेक्टर कार्यालय तथा जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय भवन को इनके हस्ते भुमिपुजन किया जाएंगा ।

मुक्ता साल्वे महिला मंडल ने किया महिलाओं का सम्मान, संविधान से ही मिले सभी महिलाओं को जीवन जीने के अधिकार

नवभारत न्यूज़ सौंसर 16 मार्च . नगर के अन्नाभाऊ साठे मंगल भवन में मुक्ताबाई साल्वे महिला मंडल एवं साहित्य सम्राट अन्नाभाऊ साठे समिति के संयुक्त तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस समारोह गरिमापूर्ण ढंग से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सामाजिक, धार्मिक और सांस्कृतिक क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं का विशेष रूप से स्वागत-सत्कार किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सुरेखा डागा ने की। मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती प्रतिभा विजय चौरे, मीणाताई मोहड़, डॉ. सुप्रिया नखाते, जनपद सदस्य श्रीमती किरण अम्बुलकर, डॉ. मृणालिनी कंटक, श्रीमती गुंजन राठी, पार्षद श्रीमती प्रणाली झाडे, जया पाटिल, श्रीमती रंजना वाघमारे, वंदना खडसे और सुनंदा ताईवाड़े उपस्थित रहीं। समारोह को संबोधित करते हुए जया पाटिल, विजयश्री बागड़े और श्रीमती प्रीति आस्टिकर ने बहुजन नायकों को नमन किया। कार्यक्रम का कुशल संचालन मंडल अध्यक्ष श्रीमती सविता तेलंगे आभार प्रदर्शन उपाध्यक्ष गरिमा तैलंगे द्वारा किया गया। आयोजन को सफल बनाने में मुक्ताबाई साल्वे महिला मंडल लक्ष्मी निखाडे, रंजनी सनेसर,वदना तेलंगे,पंचफुला इंगले, मंदा सनेसर ज्योति भाले,ज्योति ठवरे, अर्चना सनेसर,रोशनी सनेसर, खुशबू सनेसर इंदिरा संनेसर, कमलाबाई तेलगे, राधिका सनेसर, कमलाबाई तेलगे, सुनंदा तेलगे, सोनू सनेसर आदि थे। इस अवसर पर नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित होकर, समाज निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया।

पांढुरना के 9 युवा भारत पाकिस्तान की लोंगेवाला बॉर्डर के लिए रवाना

नव भारत न्यूज पांढुरना,16 मार्च, प्रदेश के युवाओं के मन में राष्ट्रीय भावना को विकसित कर राष्ट्र निर्माण के प्रति उन्हें प्रेरित करने के मुख्य उद्देश्य से मध्यप्रदेश शासन की मां तुझे प्रणाम योजना के तहत चयनित युवाओं को देश की बॉडर का भ्रमण करा वहां तैनात जवानों द्वारा किस तरह देश की सुरक्षा करते हैं इससे रूबरू कराया जाता हैं । इसी मा तुझे प्रमाण योजना के तहत प्रदेश के अन्य जिलों की तरह पांढुरना जिले के 9 चयनित युवाओं को इस बार देश के राजस्थान में स्थित भारत पाकिस्तान की लोंगेवाला बॉर्डर का भ्रमण कराया जा रहा हैं । प्रदेश के अन्य जिलों की तरह पांढुरना जिले के 9 चयनित युवाओं का दल रविवार को राजस्थान स्थित तनोट माता मंदिर एवं भारत-पाकिस्तान सीमा लोंगेवाला बॉर्डर के लिए रवाना हुआ। जिले का यह दल सोमवार को भोपाल में अन्य जिलों के दलों के साथ शामिल होकर बॉर्डर के लिए आगे रवाना हुआ। जिला कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ एवं जिला खेल अधिकारी कृष्ण कुमार चौरसिया, जिला प्रभारी योगेश ढोके के मार्गदर्शन में यह दल रवाना हुआ।

यह युवा हैं शामिल : इस अनुभव यात्रा में पांढुर्णा जिले से श्याम दलवी, अभिषेक उईके, चंदन देशमुख, सम्यक देशभ्रतार, गौरव रंगारे, बलराम गोस्वामी, अध्ययन चौधरी, देवेन्द्र चौधरी एवं अश्विन चौधरी शामिल हैं।इस अनुभव यात्रा के लिए दल को जिला युवा खेल कल्याण विभाग तथा सभी इकाई के अधिकारियों एवं युवाओं द्वारा शुभकामनाएं प्रेषित की गई हैं।

बौद्धिक दिव्यांगजनों के अभिभावकों को मिली लीगल गार्जियनशिप

पांढुर्णा, कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आज सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की जिला लोकल लेवल कमेटी की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में जिले के दो बौद्धिक दिव्यांगजनों के भविष्य को सुरक्षित करने की दिशा में अहम निर्णय लिया गया। समिति द्वारा विस्तृत विचार-विमर्श के पश्चात संबंधित दिव्यांगजनों के अभिभावकों को आधिकारिक रूप से लीगल गार्जियनशिप (कानूनी अभिभावकत्व) प्रदान करने की प्रक्रिया पूर्ण की गई। बैठक में अपर कलेक्टरनीलमणि अग्निहोत्री, संयुक्त कलेक्टर सुश्री मेघा शर्मा एवं डिप्टी कलेक्टर सुश्री प्रेक्षा पाठक, सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की प्रभारी उपसंचालक श्रीमती राजनंदनी सिंह ठाकुर, समिति सदस्य सिविल सर्जन डॉ. सुशील दुबे, ग्रामीण आदिवासी समाज विकास संस्थान के निदेशक विजय धवले, समग्र सामाजिक सुरक्षा अधिकारी अनिल कड़वे, जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र के प्रशासनिक अधिकारीपंचलाल चंद्रवंशी, वरिष्ठ अधिवक्ता संजीव ठाकरे, दिव्यांग प्रतिनिधि सुश्री हर्षा हिवसे तथा जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र की क्लीनिकल साइकोलॉजिस्ट डॉ. नम्रता सूर्यवंशी उपस्थित रहे।

भाजपा महाअभियान प्रशिक्षण में विभिन्न विषयों पर दिया जा रहा मार्गदर्शन

नवभारत न्यूज़ सौंसर 16 मार्च.सोमवार को भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान अंतर्गत लोधीखेडा एवं रामाकोना मंडल के कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया गया। प्रषिक्षण महाअभियान का शुभारंभ पूर्व जिलाध्यक्ष नरेन्द्र परमार, वैशाली महाले, भाजपा नेता संतोष जैन, राजेन्द्र भक्ते, पूर्व जिला महामंत्री राहुल मोहोड, जिला महामंत्री देवेन्द्र गायकवाड, मंडल अध्यक्ष प्रभाकर बोबडे, नामदेव पाल की उपस्थिति में किया गया। प्रशिक्षण में वैचारिक अधिष्ठान पूर्व जिलाध्यक्ष नरेन्द्र परमार, कार्यपद्धति राजेन्द्र भक्ते, प्रदेश सरकार की उपलब्धियों पर होमदेव वंजारकर ने विचार रखे। इसके अलावा भाजपा का इतिहास एवं विकास पर संतोष जैन, तथा बुद्ध प्रबंधन एवं मन की बात पर पूर्व जिलाध्यक्ष वैशाली महाले, कार्य विस्तार एवं हमारी दृष्टि पर श्रीमती सुनंदा डोंगरे, सोशल मीडिया पर परसराम राणे, बुथ स्तरीय स्थाई कार्यक्रम राजेन्द्र भक्ते पर विस्तार से विचार रखे। इसके अलावा संगठन मजबूती, कार्यकर्ताओं की भूमिका तथा पंडित दीनदयाल के अंत्योदय के सिद्धांतों पर विचार रखे। वक्ताओं ने कहा कि, सशक्त संगठन, समर्पित कार्यकर्ता और राष्ट्र सर्वोपरि की भावना ही भारतीय जनता पार्टी की सबसे बडी ताकत है। इसी भावना के साथ कार्यकार्त समाज के बीच कार्य करते हुये पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुचायें। अवसर पर आनंद ठाकरे, डॉ गुलाबराव पांडे, नामदेव इवनाति, हरिष धुर्वे, बाबा बोबडे, श्रीमती लीला बोबडे, वंदना आहाके, मीनाक्षी भानगे, बेबीताई मर्सकोले, लता तुमडाम, भेमराज बडकवाईक, मुन्नाभाई कलाम आदि उपस्थित थे।

कर्मचारी संघ आज प्रधानमंत्री के नाम कलेक्टर को सोपेंगे ज्ञापन

नव भारत न्यूज पांढुरना,16 मार्च, अपनी लंबित जायज मांगों के निराकरण को लेकर आज 17 मार्च को देश तथा प्रदेश के अन्य जिलों की तरह ही पांढुरना जिले के भी राज्य चतुर्थ श्रेणी सरकारी कर्मचारी संघ द्वारा प्रधानमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सोपेंगे । राज्य चतुर्थ श्रेणी सरकारी कर्मचारी महासंघ के आह्वान पर चरणबद्ध आंदोलन करने का निर्णय लिया गया जिसमें प्रथम चरण दिनांक 17 मार्च 2026 को देश के सभी जिलों में द्वारा जिला कलेक्टर के नाम माननीय प्रधानमंत्री भारत सरकार नई दिल्ली एवं माननीय वित्त मंत्री भारत सरकार नई दिल्ली के नाम संबोधित ज्ञापन दिया जाएगा जो देश के सभी 807 जीलो में भारत सरकार का ध्यान आकर्षण करवाने के लिए मागो के निराकरण हेतु ज्ञापन का कार्यक्रम रखा गया है। जो प्रमुख मांगे हैं =देश भर में डी ग्रुप चतुर्थश्रेणी कर्मचारियों की सीधी भर्ती बंद है लगभग 1 करोड़ 40 लाख पद रिक्त है शीघ्र सीधी भर्ती के द्वारा पदों की पूर्ति की जाए, पुरानी पेंशन बहाल किया जाए स्थाई कर्मी कर्मचारी दैनिक वेतन भोगी अंशकालीन कर्मचारियों को नियमित कर्मचारियों की तरह सारी सुविधाएं दी जाए तथा समान वेतन समान कार्य के आधार पर उनको पुनर्स्थापित किया जाए, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायिका कोटवार आशा कार्यकर्ता मिड डे मिल की रसोइया मध्यान भोजन की रसोईया कर्मचारी को कम से कम 30000 रुपए का वेतन का भुगतान किया जाए साथ ही भर्ती नियम स्थापित किया जाए आउटसोर्स की भर्ती बंद करते हुए जिन आउटसोर्स कर्मचारी को सेवा में लिया गया है उनका नियमित करने की कार्रवाई करते हुए आउटसोर्स आयोग का गठन किया जाए। अखिल भारतीय राज चतुर्थ श्रेणी सरकारी कर्मचारी महासंघ के राष्ट्रीय मुख्य महासचिव महेंद्र शर्मा ने अपने प्रेस विज्ञप्ति में बताया की इसी क्रम में मध्यप्रदेश के सभी 55 जिलों में भी ज्ञापन सोपा जाएगा जिसकी अधिसूचना प्रदेश के सभी जिला अध्यक्षों को जारी कर दी गई है

न्यू महर्षि विश्वामित्र महाविद्यालय में NFLQ 2026 का कॉलेज राउंड संपन्न

पांढुरना,16 मार्च, युवाओं में वित्तीय जागरूकता बढ़ाने और निवेश की बारीकियों को समझाने के उद्देश्य से स्थानीय न्यू महर्षि विश्वामित्र महाविद्यालय में नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ सिक्योरिटीज मार्केट्स और भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड के संयुक्त तत्वावधान में नेशनल फाइनेंशियल लिटरेसी क्विज) 2026 के कॉलेज राउंड का सफल आयोजन किया गया।

विद्यार्थियों में दिखा भारी उत्साहः इस प्रतियोगिता में महाविद्यालय के बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। क्विज के दौरान विद्यार्थियों से बैंकिंग, बीमा, निवेश, शेयर बाजार, डिजिटल धोखाधड़ी से बचाव और वित्तीय योजना से संबंधित महत्वपूर्ण सवाल पूछे गए। प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य छात्रों को कम उम्र में ही धन प्रबंधन के प्रति जागरूक करना है।

इन्होंने दी बारीकी से जानकारी

कार्यक्रम में जितेंद्र धुंडे , रश्मी मेश्राम और वैभव आखरे द्वारा बताया गया की राष्ट्रीय वित्तीय साक्षरता प्रश्नोत्तरी 2026 की विस्तृत जानकारी एवं गाइडलाइन विद्यार्थियों के साथ साझा की गई उन्होंने बताया कि मुंबई जाने का सुनहरा अवसर है। कॉलेज राउंड में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को क्षेत्रीय और उसके बाद राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिलेगा। राष्ट्रीय स्तर का फाइनल मुकाबला मुंबई स्थित हृद्धस्रूकैंपस में आयोजित होगा, जिसमें देश भर के विजेता छात्र शामिल होंगे।

परिवार का भविष्य भी कर सकेंगे सुरक्षित

वित्तीय साक्षरता आज के समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। इस तरह के आयोजनों से छात्र न केवल जागरूक होते हैं, बल्कि वे अपने और अपने परिवार के भविष्य को आर्थिक रूप से सुरक्षित करने की कला भी सीखते हैं।

एआई लाइब्रेरी के लिए 5 करोड़

नागपुर, निज संवाददाता . उत्तर नागपुर स्थित डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर कन्वेंशन सेंटर की बदहाली का मुद्दा विधानसभा विधायक नितिन राऊत ने जोरदार तरीके से उठाया. उन्होंने सवाल किया कि 140 करोड़ रुपये खर्च होने के बावजूद बाबासाहब की प्रतिमा अब तक अधूरी क्यों है. इसके अलावा उन्होंने कन्वेंशन सेंटर में एआई लाइब्रेरी के लिए निधि की मांग की. मंत्री संजय शिरसाट ने एआई आधारित स्मार्ट लाइब्रेरी और डिजिटल लर्निंग सेंटर स्थापित करने के लिए 5 करोड़ रुपये विशेष निधि देने की घोषणा की. राऊत ने कहा कि कन्वेंशन सेंटर की स्टडी रूम में 150 छात्रों की क्षमता होने के बावजूद केवल 30 छात्रों को ही प्रवेश दिया जाता है जबकि वहां बुनियादी सुविधाओं का भी अभाव है. उनकी मांग पर सरकार ने कन्वेंशन सेंटर को आधुनिक बनाने का फैसला लिया. शिरसाट ने अधूरी प्रतिमा का कार्य 2 महीनों में पूर्ण करने की जानकारी भी दी .कन्वेंशन सेंटर की स्टडी रूम को लेकर राऊत ने कहा कि गरीब और जरूरतमंद छात्रों से आय प्रमाणपत्र मांगना गलत है.

भव्यता के साथ मनाई जायेगी रामनवमी, सजने लगा सौसर शहर, तैयारियॉ शुरू

नवभारत न्यूज़ सौंसर 16 मार्च. प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी रामनवमी का पर्व भव्यता और श्रद्धा के साथ मनाया जायेगा। श्रीराम जन्मोत्सव समिति के तत्वावधान में आगामी 26 मार्च को भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव पर भव्य शोभायात्रा, धार्मिक आयोजन और चलित, स्थाई झांकीयॉ निकाली जायेगी। इस धार्मिक पव की पूर्व तैयारियॉ जोर-शोर से शुरू हो गई है। शहर के प्रमुख मार्गो, चौक-चौराहों और मंदिरों को भगवा पतकाओ, आकर्षक लाइटिंग और रंगबिरंगी सजावट से सजाया जा रहा है। 26 मार्च को दोपहर 12 बजें सिविल लाइन स्थित हनुमान मंदिर परिसर में श्रीराम का जन्मोत्सव मनाया जायेगा। शाम 6 बजें भव्य शोभायात्रा कबीर वार्ड 1 से निकलेगी। जिसका पूजन सौ. रेखाताई कंटक हस्तें किया जायेगा। शोभायात्रा में विभिन्न धार्मिक झाकियां, भजन मंडलिया और श्रद्धालू बडी संख्या में षामिल होंगे। चल कारवा का समापन रात 11 बजें गांधी चौक में पुरस्कार वितरण से होगा। प्रतियोगिता में स्थायी झांकी के पुरस्कार क्रमष: तेहतीस हजार तीन सौ तेहतसी, बाईस हजार दो सौ बाईस, ग्यारह हजार एक सौ ग्यारह, सात हजार सात सौ सत्यात्तर वितरीत किये जायेगा।

वही इक्कवीस हजार के सांत्वना पुरस्कार दिये जायेगे। चलित झांकी का प्रथम पुरस्कार क्रमश ग्यारह हजार एक सौ ग्यारह, सात हजार सात सौ सत्यात्तर, पाच हजार पाच सौ पचपन और चतुर्थ चार हजार चार सौ चौव्वालिस रूपयें होगा। रामनवमी की पूर्व संध्या 25 मार्च को सिविल लाईन्स हनुमान मंदिर में षाम 7 बजें सुंदरकांड एवं विषाल भजन संध्या का आयोजन होगा। आयोजन समिति ने क्षेत्रिय श्रद्धालूओं से कार्यक्रम में उपस्थित रहने की अपील की है।

श्रीराम मंदिर में होगी त्रिनेत्रधारी नर्मदेश्वर शिवलिंग की स्थापना



नवभारत न्यूज़ सौंसर 16 मार्च . नगर के खडतकर कालोनी स्थित श्रीराम मदिर में एक एतिहासिक अवसर होने जा रहा है जब ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग से त्रिनेत्रधारी नर्मदेश्वर शिवलिंग की स्थापना आगामी 25 अप्रैल को प्रात: 8 बजे से विशेष पूजा पाठ एवं हवन के साथ श्रीराम मंदिर परकोटे में संपन्न होगा इस अवसर पर जटायुजी की भी स्थापना संपन्न होगी । स्थापना के इस विशेष अवसर पर विशेष प्रसादी का वितरण किया जायेगा 26 मार्च को श्री राम जी का जन्मोत्सव धूम धाम से मनाया जायेगा एवं महाप्रसादी का वितरण जन्मोत्सव पश्चात किया जाएगा। इस दौरान हनुमान जन्मोत्सव 2 अप्रेल 2026 को भी महाप्रसादी वितरण किया जायेगा। इस अवसर पर मंदिर संचालन हेतु महिलाओं द्वारा सीताराम महिला मंडल का गठन किया गया जिसमें सर्वसम्मति से श्रीमती आशाताई राजुरकर अध्यक्ष श्रीमती सरिता पान्डेय सचिव श्रीमती संगीता अढाऊ उपाध्यक्ष एवं श्रीमती निलिमा अढाऊ को कोषाध्यक्ष चुना गया संरक्षक समिती में श्रीमती प्रमिला दुबे एवं श्रीमती वाडेकर को चुना गया। इस अवसर पर नगर के समस्त श्रद्धालु जनो से उपस्थित रहकर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की

शोभा की सुपारी बनकर रह गया फिल्टर प्लांट

नव भारत न्यूज
बड़चिचोली,16 मार्च, ग्रामवासियों को पर्याप्त पेयजल आपूर्ति हेतु तत्कालीन काँग्रेस के मुख्यमंत्री कमलनाथ सरकार के लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री सुखदेव पांसे व्दारा नागपुर प्रवास पर जाते समय ग्राम की फरीद वाटीका में बाबा फरीद के दरबार में माथा टेकने पहुँचने पर उनका कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया गया, पश्चात उनका ध्यान ग्राम की गभीर पेयजल समस्या से निजात दिलाने पर आकृष्ट कराते हुए ग्राम के पास स्थित सेमड़ा जलाशय से सेगडा ग्राम में पेयजल व्यवस्था कराने की मांग मंत्रीजी से की गई । जिस पर मंत्री श्री पांसे द्वारा एक करोड तिस लाख रूपये की योजना की घोषणा कर फिल्टर प्लॉट के माध्यम से शुद्ध पेयजल की व्यवस्था बनाई गयी ।

इस राशि से ही जिसमें सेमड़ा जलाशय पर विद्युत डिपो, विद्युत मोटर, तथा ग्राम में पेयजल टँकी के पास फिल्टर

प्लांट बनाया गया, जलाशय से लेकर ग्राम के फिल्टर प्लांट तक पाईप लाइन बिछाई गई, किंतु यह योजना जनता के लिये असाबीत हुयी है। पाँच वर्ष बीत गये परंतु आज तक पी एच ई. विभाग के वरिष्ठ अधिकारीया से लेकर इंजिनियर लोगों की लापरवाही के चलते यह योजना ठप्प पड़ी हुयी है।

दूसरी ओर इस योजना को चालू करने में पंचायत द्वारा लाखो रूपये खर्च किये गये है फिर भी योजना को मृतरूप नहीं दिया गया है। वर्तमान में ग्रीष्म ऋतु में पेयज ?ल की समस्या निर्माण होने की संभावनाये बनी हुयी है। ऐसे स्थिती में समय रहते हुये शिघ्र पेयजल आपूर्ती के लिये उक्त योजना का व्यवस्थापन किया जाकर फिल्टर प्लांट के माध्यमसे पेयजल व्यवस्था से पाणी भी निकाशी जनता तक पंहुचाने कि व्यावस्था की जाए। अन्यथा यह फिल्टर प्लांट शोभा की सुपारी बनकर न रह जाने ,ग्रामिण जनता ने शासन प्रशासन से उचित कदम उठाने की मांग की है।

प्राकृतिक खेती और नर्सरी उत्पादन से बढ़ी किसान की आय

पांढुर्णा। यह कहानी है विकासखण्ड सौसर के ग्राम सर्रासांवरी, ग्राम पंचायत रंगारी के निवासी कृषक श्री सन्दीप घोरमारे की। जिनके पास कुल 1.052 हेक्टेयर कृषि भूमि है। पूर्व में वह पारम्परिक खेती करते थे । अपने खेत में मात्र कपास की एवं अरहर लगाकर दो गाय और दो बैल के सहारे अपनी जीविका चला रहे थे । इससे उन्हें ज्यादा लाभ प्राप्त नहीं हो रहा था और खेती का व्यय बढ़ने की चिंता होने लगी थी। उस समय उन्हें मुश्किल से 1 से 1.20 लाख रुपये की वार्षिक आय प्राप्त होती थी, जिससे घर चलाने में काफी कठिनाई होती थी। फिर एक दिन उनका सम्पर्क कृषि विभाग की आत्मा परियोजना के अधिकारियों से हुआ। उन्होंने उन्हें बताया कि खेती को लाभ का धंधा बनाने के लिए खेती में लागत कम करना आवश्यक है और इसके लिए प्राकृतिक खेती अपनाने की सलाह दी। उनकी सलाह को अपनाते हुए उन्होंने अपने एक एकड़ खेत में प्राकृतिक खेती शुरू की। आत्मा योजनांतर्गत उन्हें सरसों का प्राकृतिक खेती प्रदर्शन दिया गया। इस दौरान उन्हें जीवामृत, बीजामृत, दशपर्णीय अर्क, घनजीवामृत और नीमास्त्र आदि बनाने की विधि तथा उनके उपयोग की जानकारी भी दी गई। इन सभी को उन्होंने स्वयं तैयार कर बिना किसी अतिरिक्त खर्च के एक एकड़ खेत में उपयोग किया, जो सफल रहा।

जन अभियान परिषद ने जल गंगा संवर्धन अभियान विषय पर किया कार्यक्रम

छिंदवाड़ा। माँ नर्मदा जी के संरक्षण और जीवन दायिनी समस्त नदीयों के संरक्षण प्रति समाज की जिम्मेदारी को लेकर रविवार को मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद छिंदवाड़ा द्वारा स्थानीय पी जी कॉलेज छिंदवाड़ा में जल संरक्षण एवं पौधों का महत्व विषय पर जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत एक दिवसीय प्रशिक्षण सह जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।

कार्यालय ग्राम पंचायत कुण्डारैयतवाडी, जनपद पंचायत जिला छिंदवाड़ा

क्रं0/11 / जनबाजार / ग्रा0पं0 / 2025 कुण्डारैयतवाडी, दिनांक 13/03/26

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है, कि ग्राम कुण्डारैयतवाडी में प्रति शुक्रवार साप्ताहिक जनबाजार (01 अप्रेल 2026 से 31 मार्च 2027) कि नीलामी दिनांक 23/03/2025 दिन सोमवार, समय 12.30 बजे (अप) स्थान-ग्राम पंचायत भवन कुण्डारैयतवाडी में किया जाना है, जिसकी बोली लगाने हेतु अमानत राशि राशि-5500 / पांच हजार पांच सौ रू है। इच्छुक व्यक्ति / फर्म निर्धारित तिथी को नीलामी प्रक्रिया में भाग लेने हेतु आमंत्रित है। नियम व शर्ते ग्राम पंचायत कुण्डारैयतवाडी के सूचना पटल पर देखी जा सकती है।

सरपंच	सचिव	उपसरपंच	समस्त पंच, ग्राम पंचायत कुण्डारैयतवाडी
श्री आनेत बन	श्री आर0के0 उईके	श्री दिनेश बन	